पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने जनपद गोरखपुर में आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुसज्जित करने हेतु 100 किटों का वितरण किया

आंगनबाड़ी केन्द्रों की सभी गतिविधियों को शत्–प्रतिशत संचालित किया जाए

गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित संस्थागत प्रसव के लिए जागरूक करें

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 19 सितम्बर, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने अपने दो दिवसीय गोरखपुर भ्रमण कार्यक्रम में आज दूसरे दिन जनपद के विकास खण्ड जंगल धूसड़ के आंगनबाडी केन्द्र बड़ी रेतवहिया का निरीक्षण कर 100 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आंगनबाड़ी किट का वितरण करने के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्बोधित किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों की सभी गतिविधियाँ शत्–प्रतिशत संचालित हों। आंगनबाड़ी कार्यकत्री गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित संस्थागत प्रसव के लिये लगातार जागरूक करें, उन्हें यह भी समझाएं की प्रसव के एक घन्टे के भीतर बच्चों को माँ का दूध जरूर पिलायें क्योंकि माँ का दूध नवजात बच्चों के लिये अमृत के समान होता है।

राज्यपाल जी ने कहा कि बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिये पोषण माह का अभियान चलाना पड़ता है, यदि महिलाएं तथा आमजन लोग जागरूक हो जायें तो पोषण अभियान चलाने की आवश्यकता ही नहीं होगी। इसमें

आंगनबाड़ी कार्यकत्री महत्वपूर्ण भूमिका का निवार्हन कर सकती है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों से मिलने वाले पुष्टाहार से गर्म भोजन बनाकर कुपोषित बच्चों को खिलाकर उनके कुपोषण को खत्म किया जा सकता है। इसके लिये भी महिलाओं को जागरूक करना होगा।

कार्यक्रम में बच्चों की शिक्षा पर चर्चा करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि 2020 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की घोषणा की, जिसमें मातृभाषा में शिक्षण पर भी जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि कक्षा 01 से 05 तक बच्चों की शिक्षा मातृ–भाषा में हो, क्योंकि ये अवस्था संस्कार और स्वास्थ्य के लिये महत्वपूर्ण है। बच्चों के स्वस्थ विकास के लिए समय–समय पर आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच भी हो। उन्होंने कहा कि हम सभी का प्रयास यह भी हो कि योगा सहित अन्य गतिविधियों को भी केन्द्रों पर सिखाया जाये। जिससे की बच्चों का सर्वांगीण विकास हो। आंगनबाड़ी केन्द्र पर राज्यपाल जी ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम का अवलोकन किया और उनका उत्साहवर्द्धन किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम में बाल विकास विभाग के कार्यों के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री कृष्णा करूणेश, एसएसपी डा0 गौरव ग्रोवर सहित विभिन्न अधिकारी गण उपस्थित रहे।

―――――

डॉ0 सीमा गुप्ता
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361